कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

भरतपुर (निस)। समर्था सेवा न्यास, भरतपुर विभाग की ओर से गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह के नाम जिला कलेक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौपा। महिलाओं ने ज्ञापन देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में दिन-प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोष तक सिमटकर रह गए हो ऐसा प्रतीत होने लगा है। संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर (चोपरा) की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देने वाली हैं। निरीह, निरपराध नागरिकों का और विशेषत: महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ानेवाली ये घटनाएं तलिबानी शासन का स्मरण कराती है। एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से हम सब महिलाएं अत्यंत व्यथित है तथा घटना की न्यायिक जॉच करवाएं। सभी दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की जाए। साथ ही पीड़ित महिलाओं के शरीरिक और मानसिक उपचार और उनके पुनर्वसन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। हम इस पूरे मामले की कठोर निंदा करते है और इस अत्यंत संवेदनशील स्थिति का संज्ञान लेते हुए शीघ्रतिशीघ्र आवशयक कार्यवाही करें।

रोजगार देने वाले पाठ्यक्रमों का निर्माण करें विश्वविद्यालय : राज्यपाल कलराज मिश्र

कुम्हेर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत का शुभारम्भ राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र और उप मुख्यमंत्री व विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कुलाधिपति और उपमुख्यमंत्री का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्रा ने पुष्प गुच्छ, श्रीफल, शॉल और पगड़ी पहना कर किया गया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 31 पीएचडी उपाधि, 2 डीएससी उपाधि, 5 मानद उपाधि एवं स्नातक सत्र 2022 में 34 गोल्ड मेडल 8 सिल्वर मेडल 3 इण्डोमेन्ट मेडल और 1 चान्सलर मेडल सहित 39797 स्नातक और 7385 परास्नातक की उपाधियां और सत्र 2023 में 36 गोल्ड मेडल 9 सिल्वर मेडल 3 इण्डोमेन्ट मेडल और 1 चान्सलर मेडल सहित 39797 स्नातक और 8206 स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की।

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विशिष्ट अतिथि पदम् विभूषण व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने इस कार्यक्रम में दीक्षान्त भाषण दिया। दीक्षान्त समारोह के विशिष्ट उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंन्द बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान से पुंज होते हैं और यहां पर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व और ज्ञान का बोध आचार्यगण के द्वारा कराया जाता है। राज्यपाल मिश्र ने दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगार देने वाले पाठ्यक्रमों का निर्माण करें और उन्होंने विश्वविद्यालयो को कौशल विकास से संबंधित शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नही बल्कि नए जीवन की शुरूआत है। उन्होंने यह भी कहा प्रो. रमेश चन्द्रा की पहल से यहां विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की 21 फीट ऊंची भव्य एवं दिव्य प्रतिमा के दर्शन हुए हैं। यह अद्वितीय प्रतिमा हमें महाराजा सूरजमल की प्रशासकीय क्षमता दूरदर्शिता और मानवीय गुणों की सदा याद दिलाती रहेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आप अपनी शिक्षा का राष्ट्र औरसमाज की भलाई के लिए उपयोग करें और प्रयास करें कि आप के ज्ञान से राष्ट्र उन्नित की नयी राहों की ओर अग्रसर हो और उन्होंने कहा मैं यह भी चाहता हूं कि विकसित भारत 2047 का जो संकल्प संजोया है उसकी पूर्ति की भी युवा संवाहक बनें।

यह दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय लिए अकादमिक गौरव का क्षण है कि आज 5 प्रख्यात विभूतियों को मानक उपाधि प्रदान की गई हैं। मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

यह सभी अपने अपने क्षेत्र में विशेष शोध कार्यों के द्वारा मानव समाज की सेवा में वर्षों से तत्पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे जानकर यह सुखद लगा है कि भरतपुर, धौलपुर एवं डीग जिलों में विस्तारित इस विश्वविद्यालय से कुल 171 महाविद्यालय सम्बद्ध हैं तथा विभिन्न संकायों में लगभग एक लाख पचास हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं यह प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी है।

सार-समाचार

गृह राज्य मंत्री से मिले सीताराम

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एसएफएस प्रदेश संयोजक सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ता कॉलेज की विभिन्न मांगो को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से उनके सरकारी आवास पर जाकर मिले। इस दौरान प्रदेश संयोजक ने मंत्री को बताया कि कॉलेज में छात्रो को स्कॉलरशिप को लेकर समस्या आ रही है। जिस पर मंत्री ने दूरभाष पर समाज कल्याण विभाग सचिव से वार्ता कर छात्रवृति योजना पोर्टल को चालू करवाया। इसके बाद अब विद्यार्थी कॉलेज में जाकर स्कॉलरशिप का फिंगरप्रिंट लगा सकते है। इस दौरान प्रदेश संयोजक ने मंत्री जवाहर सिंह बेढम से संगठनात्मक मुद्दो पर भी खुल कर चर्चा की।

डी.जी.पी. का लोगो ने किया सम्मान

करौली (नि.स.)। हाल ही में राजस्थान पुलिस के नव पदोन्नत डीजीपी और सीनियर आईपीएस अधिकारी करौली निवासी गोविंद गुप्ता का करौली अग्रवाल समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। डीजीपी के जयपुर आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,हिंडौन विधायक अनीता जाटव,अग्रवाल समाज जिला अध्यक्ष मूलचंद, करौली अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता,वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष मनोज गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने गोविंद गुप्ता को माला-साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। अग्रवाल समाज पदाधिकारियों ने गोविंद गुप्ता को पदोन्नित की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। अग्रवाल समाज के पदाधिकारीयो ने कहा कि गोविंद गुप्ता ने न सिर्फ अपने परिवार और करौली जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही प्रदेश का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने इसी प्रकार आगे भी प्रदेश और देश की सेवा करने की शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान गोविंद गुप्ता ने सभी का आभार जताया डीजीपी गोविंद गुप्ता करौली शहर के मूल निवासी हैं। साथ ही करौली के पहले आईपीएस अधिकारियों में शामिल हैं। गोविंद गुप्ता के डीजीपी पद पर पदोन्नित होने से क्षेत्र मे खुषी का महौल है वही लोग उन्हे सोषल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाए दे रहे है।

धर्म में परिवर्तन का सेंटर पकड़ा

भरतपुर (निस)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को हाउसिंग बोर्ड स्थित रेलवे फाटक संख्या 39 के पास रवीन्द्र कुमार चर्च फाउन्डेशन के बोर्ड लगे एक भवन में अवैध रूप से चल रहे ईसाई धर्मान्तरण की सूचना मिलने पर वहां बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुँचे जिनके साथ अवैध रूप से चला रहे धर्मान्तरण के रैकेट के लोगों ने असंवैधानिक व्यवहार किया तथा कार्यकर्ताओं के साथ हाथापाई करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात वहां चल रही अवैध धर्मांतरण सभा में से एक व्यक्ति उस भवन में से पीछे के रास्ते एक काले रंग के बैग को लेकर भागने में कामयाब हो गया। तत्पश्चात वहां विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष लाखन पहलवान व बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम सैंथरा के साथ साथ विहिप के अमित चौधरी, जिला मंत्री श्याम सुन्दर गुप्ता, राम अवध बघेल, लखन शर्मा, मोहित, रवि आदि पहूँचे तथा अवैध रूप से चल रहे धर्मान्तरण की जानकारी स्थानीय लोगों से ग्रहण की जिससे पता चला कि रविन्द्र कुमार निवासी अजान ग्राम के शहरी निवास स्थान फाटक संख्या 39 व हाउंसिंग बोर्ड कोलोनी में यह अवैध धर्मांतरण सभा काफी समय से चल रही थी। यहां कई स्थानीय तथा बाहर के निवासियों को इलाज के झूंठे झांसे में डालकर तथा धन का लालच देकर कई हिन्दुओं का धर्मांतरण करा चुके हैं जो हर शुक्रवार को यहां आकर प्रार्थना करते हैं। एक स्थानीय निवासी निरंजन सिंह जोकि उस सभा में उपस्थित थे।

निशुल्क पाठय पुस्तके बांटी

गंगापुर सिटी सोमवार को स्थानीय पीएम श्री राउमावि गंगापुर सिटी में राज्य स्तरीय निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया।मुख्य कार्यक्रम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर जयपुर में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा एवं अन्य राज्य स्तरीय अधिकारियों की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण संपूर्ण राजस्थान के पंचायत स्तरीय विद्यालय में किया गया। इसी अनुक्रम में स्थानीय विद्यालय में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया गया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्य, एसडीएमसी मेंबर्स एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने इसमे भाग लिया सीधे प्रसारण के उपरांत विद्यालय के बच्चों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश मीना, जनप्रतिनिधियों एवं एसडीएमसी सदस्यों तथा स्टाफ द्वारा निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर स्थानीय स्तर पर पाठ्यपुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया।

विश्व जूनोसिस दिवस आज

करौली-(नि.स.)। विश्व पशु जन्य रोग दिवस के अवसर पर चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को पशु जन्य रोग से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय एकीकृत स्वास्थ्य पशु जन्य रोग निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत पशु जन्य रोग से बचाव और जागरूकता कार्यक्रम संचालित है जिसमें आमजन को आईईसी प्रदर्शन,वितरण और प्रसारण के माध्यम से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीणा ने बताया कि पशु जन्य रोग में रेबीज़,स्क्रब टायफस, एवियनइनफ्लुएंजा,जापानीइन्सेफेलाइटसिस,ब्रूसलॉसेस,सेल्मोनेसिस,थ्रेक्स, लेऐस्पायरोसिस इत्यादि आते हैं, जो पशुओं से मानवो में विभिन्न माध्यमों से फैल जाते हैं। जिससे बचाव के लिए बचाव उपाय और आवश्यक सावधानियां अपनाएं। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ. ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि पशु जन्य रोग अप्रत्यक्ष संपर्क,वेक्टर जनित,वायु जनित,प्रत्यक्ष संपर्क और खाद्य जनित तरीके से फैल सकते हैं।उन्होंने बताया कि पशु जन्य रोग के अप्रत्यक्ष फैलाव में जानवरों के रहने-घूमने वाली सतह आती है जो कीटाणुओं से दूषित हो जाती है एवं वेक्टर जनित का फैलाव कीड़े,घुन,मच्छर के काटे जाने पर पर होता है। उन्होंने बताया कि वायु जनित फैलाव वायरस से होता है और खाद्य जनित फैलाव संक्रमण जानवर एवं दूषित मांस व दूध के सेवन करने से होता है। पशु जन्य रोग प्रत्यक्ष रूप में संक्रमित जानवर की लार, रक्त, मूत्र, बलगम,मल व शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क में आने से होता है।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

करौली(नि.स.) विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में कराया गया जिसमें एएनएम प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर बढ़ती जनसंख्या और परिवार नियोजन पर नारा लेखन किया, नारा लेखन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी का नाम चयन कर राज्य स्तर को प्रेषित किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण डॉ.सतीश चंद मीणा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जागरूकता परक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके साथ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और विजेताओं के नाम राज्य स्तर को प्रेषित किए गए। नारा लेखन प्रतियोगिता में अर्चना कुमारी गुर्जर प्रथम , कोमल मीणा द्वितीय और प्रिया गुप्ता रही ।

दो साल का बकाया पैसा जारी करने की मांग

गंगापुर सिटी । राजस्थान सरपंच संघ की बैठक का आयोजन सेंट्रल पार्क बिडला ऑडिटोरियम में किया गया। बैठक में गंगापुर सिटी जिले की बामनवास और गंगापुर सिटी पंचायत समिति से जुडे ग्राम पंचायतों के सरपंच भाग लेने के लिए जयपुर पहुंचे। महू कला ग्राम पंचायत के सरपंच लखन सैनी ने बताया कि बैठक में प्रदेश के जिलों के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और सरपंचों ने भाग लिया।

बैठक में सरपंचों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही राज्य सरकार से करीब 2 वर्ष का बकाया रुपए को जल्द जारी करने की मांग रखी गई।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास की नवीन स्वीकृति निकालना, खाद्य सुरक्षा पोर्टल को खोलने की मांग रखी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरपंच संघ की मांग सरकार के द्वारा नहीं मानी जाती है तो सरपंच संघ के द्वारा सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

सरपंच संघ ने राजस्थान में सभी ग्राम पंचायत में आगामी 8 जुलाई 2024 को सांकेतिक रूप से तालाबंदी करने का निर्णय लिया। साथ ही 10 जुलाई 2024 को ब्लॉक स्तर पर उप जिला कलेक्टर और विधायक को ज्ञापन देने और यदि इसके बाद भी सरपंच संघ की राज्य सरकार द्वारा मांगें नहीं मानी जाती है तो आगामी 12 जुलाई 2024 को जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर समस्याओं से अवगत कराया जाएगा।

इसके बाद भी यदि सरकार उनकी सुनवाई नहीं करती है तो 18 जुलाई को पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों के सरपंच राजस्थान विधानसभा के लिए कूच करेंगे और मजबूरन सरपंच संघ को आंदोलन की राह चुननी पडेगी और विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

जिसकी जिम्मेदारी सरकार और शासन प्रशासन की होगी। महू कला सरपंच लखन सैनी ने बताया कि इस संबंध में सरपंच संघ की ओर से मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त वित्त मुख्य सचिव अखिल अरोडा, वित्त सचिव एवं सचिव रवि जैन को ज्ञापन देकर समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया है और जल्द समस्याओं के सुधार की मांग की।

अवैध स्मैक व हथियार सहित तस्कर गिरफ्तार

करौली (नि.स.)। करौली सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने स्मैक के खिलाफ एक संयुक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 151.70 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक देसी कट्टा,10 कारतूस और एक एसयूवी कार भी जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल और उपाधीक्षक अनुज शुभम कर रहे हैं।

पुलिस गश्त के दौरान शिकारंगज,ससेडी मोड़ अकोलपुरा से डूडापुरा पहुंच कर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक एसयूबी कार आती दिखाई दी। जिसका ड्राइवर पुलिस टीम की नाकाबंदी को देखकर वापस करौली की ओर जाने लगा लेकिन जल्दबाजी में कार टर्न नहीं हो सकी।

कार सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में चली गई। तब तक थानाधिकारी और पुलिस टीम ने तत्परता और सावधानी से कार को घेर लिया।

कार ड्राइवर को कार से बाहर निकालकर नाम पता और पुलिस को देखकर वापस मुड़कर जाने का कारण पूछा। आरोपी ने घबराते हुए अपना नाम राधे उर्फ राधेश्याम 35 पुत्र कैला प्रसाद प्रजापत निवासी पारासरी थाना लांगरा हाल भैरव गऊ शाला के पास करौली होना बताया।

आरोपी की तलाशी ली तो उसके जेब में स्मैक मिली। जिसका वजन कुल 151.70 ग्राम मिला। जिसे मौके पर जब्त कर कार की तलाशी ली। कार में आगे की शीट के सामने रैक में एक 315 बोर का देसी हथकढ़ कट्टा और एक प्लास्टिक की काली थैली में 10 कारतूस मिले।

जिन्हें जब्त कर लिया है। परिवहन में काम ली जा रही कार को भी जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

जन्म दिवस मनाया

करौली(नि.स.)। लोक जन शक्ति पार्टी एवं दलित सेना के संस्थापक, पदम विभूषण से सम्मानित स्व रामविलास पासवान का 78 व जन्मोत्सव कृष्णा कॉलोनी करौली में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर पासवान के चित्र पर फूलमाला चढ़कर उनको श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम के दौरान भूरसिंह चौधरी ने कहा की पासवान उसे घर में दिया जलाने चले हैं जिस घर में सदियों से अंधेरा है पासवान के जाने के बाद उनका सपना अधूरा रह गया मगर उसके सपनों को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान दलित, पिछडे अल्पसंख्यक, गरीब, मजदूरों की लड़ाई लड़ रहे हैं वह उनका सपना पूरा करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे और जिस घर में अंधेरा है उस घर में दिया जलाते चिराग पासवान चले हैं वह उनका सपना पूरा करेंगे। स्वर्गीय राम विलास पासवान ने कई प्रधानमंत्रीयो के साथ कार्य करने का मौका मिला।

हिंडौन में 81 एमएम बारिश, मुख्य बाजार की दुकानों में घुसा पानी

हिंडौन सिटी । हिंडौन संहिता आसपास के क्षेत्र में मानसून भले देरी से आया लेकिन जब भी आया पूरे क्षेत्र को तर कर दिया।

शुक्रवार को हुई बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे स्थिति काफी खराब हो गई। करीब 81 एमएम बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। लेकिन खराब ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इस वर्ष भीषण गर्मी का दौर रहा गत लगभग दो सप्ताह से उमस की मार झेल रहे लोग बेहाल हो गए पूरे क्षेत्र के लोग मानसून का इंतजार कर रहे थे इसी बीच मानसून पूर्व की बारिश में कुछ हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई गत दिवस देर शाम से आसमान में घने बादल छाए रहे और इसी बीच सुबह 7:00 से बारिश का दौर शुरू हुआ दिन में लगभग 10:00 बजे से 12:00 तक 2 घंटे जोरदार बारिश का दौर चल क जिससे पूरा शहर के कटरा बाजार, डेम्प रोड, धाकड़ पोठा, शीतला कॉलोनी, दूबे पाडा, चौबे पाडा, जिला अस्पताल चौराहा, हाई स्कूल, नगर परिषद परिसर, और जिला अस्पताल सहित कई हिस्सों में जलभराव हो गया। कटरा बाजार स्थित दुकानों में करीब 1 से 2 फुट पानी भर जाने से दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। शहर में जलनिकासी की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मानसून पूर्व खारी नाला की पर्याप्त सफाई नहीं होने से इस बारिश में भी जलनिकासी की व्यवस्था फेल हो गई। सड़कों पर बारिश के कई घंटों बाद भी जलभराव बना रहा। किराना, वस्त्र, मिष्ठान, और शूज की दुकानों में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ।

आशांवित ब्लॉक के तहत संपूर्णता दिवस कार्यक्रम संपन्न

गंगापुर सिटी । केन्द्र सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी में संपूर्णता दिवस आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी, नीति आयोग के प्रतिनिधि और इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर मनोज कुमार, पंचायत समिति की प्रधान मंजू गुर्जर ने शिरकत की। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आशांवित ब्लॉक कार्क्रम महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और यह खुशी की बात है कि इस कार्यक्रम के लिए गंगापुर सिटी को प्रधानमंत्री के स्तर पर चयन किया गया है। इसमें विकास के 6 संकेतकों के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। इसके लिए सभी को मिलकर संयुक्त प्रयास करना है।

स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा, राजीविका के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम से संयुक्त रूप से जुडे हैं और आगामी 86 दिन के लिए 30 सितंबर तक व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सभी की जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम के तहत सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है।

उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अधिकाधिक संख्या में लोगों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मोजूद जिला स्तरीय अधिकारी।

प्रधान मंजू गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का यही उद्देश्य है कि देश और राज्य में कहीं भी कोई भी पीछे न रहे और वो संपूर्णता को हासिल करें। राज्य और देश का विकास अच्छा हो। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड नाटक से सरकार की विकास की लहर को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

साथ ही सभी को शिक्षित करने पर जोर दिया, ताकि गरीब, पिछडा वर्ग को अग्रणी पंक्ति में लाया जा सके। आशांवित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान शुरू हो गया है और अब यह 30 सितंबर तक चलेगा। इससे जुडे सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और लक्ष्य प्राप्ति प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष और एसडीएम अनूप सिंह ने संपूर्णता अभियान के 6 संकेतकों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति का आश्वासन दिया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर, नीति आयोग के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथियों और जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कराया। साथ ही प्रभारी अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं और संकेतकों की जानकारी देते हुए लघु फिल्म के जरिए आमजन को भी जागरूक किया। कार्यक्रम में राबाउमावि, स्वामी विवेकानंद स्कूल की छात्राओं और लोकगीत गायिका काजल जादौन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लोकगीतों के माध्यम से आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ

करौली(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि आशान्वित ब्लॉक मासलपुर एवं जिला करौली के अंतर्गत हैल्थ एवं न्यूट्रिशन, शिक्षा, कृषि, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सोशल डवलपमेंट के कार्य हर घर एवं हर व्यक्ति तक पहुंचने का सरकार का लक्ष्य है। उन्होने कहा कि अभियान के तहत आवंटित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर शुक्रवार को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने कहा कि उक्त आशान्वित कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा 112 जिलों मे चलाया गया था जिसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी नीति आयोग को दी गई थी इससे आशान्वित जिलों मे विकास के क्षेत्र मे अच्छे सकारात्मक परिणाम आने लगे है करौली जिले ने जनवरी माह 2024 मे आशान्वित जिलों की रैंकिग मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इसकी सफलता के बाद प्रधानमंत्री द्वारा 7 फरवरी 2023 को देश के 500 जिलो मे आशान्वित ब्लॉक कार्य्रकम लॉन्च किया गया था जिसके अंतर्गत 5 थीमों के तहत 40 इंडीकेटर्स को चुना गया है।

संपूर्णता कार्यक्रम आज से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा जिसके तहत शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया एवं महिला एवं बाल विकास के द्वारा महिला की गोद भराई भी की एवं छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें भी वितरित की।

स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं थीम पर नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रैलियां, स्वास्थ्य कैम्प, डोर टू डोर सर्वे सहित विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

कार्यक्रम मे उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत मासलपुर ब्लॉक मे हैल्थ, शिक्षा, कृषि सहित अन्य क्षेत्रों मे भी कार्य कियें जायेंगे।

नीति आयोग के आशान्वित फेलो विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 30 सितम्बर तक विभिन्न इंडीकेटर्स मे कार्ययोजना बनाकर विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ कार्य किया जायेगा एवं लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा।

इसके अलावा जिला कलेक्टर ने संपूर्णता ट्री लगाया और उपस्थित सभी कार्मिकों एवं अन्य को अभियान के तहत सभी इंडीकेटर्स को संतृप्त करने,मासलपुर ब्लॉक एवं जिला करौली को स्वस्थ, समर्थ, समृद्ध बनाने की दिशा के संबंध मे शपथ भी दिलाई।

कार्यालय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र, बैलाराकलां, कुम्हेर भरतपुर (राज.)

क्रमांक:पंप्रके/2024/109-115 दिनांक:04.07.2024

खुली निविदा सूचना

सम्बंधित अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एसी एवं अन्य उपकरणों का क्रय एवं इंस्टालेशन कार्य हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय दिवस में दिनांक 04.07.24 से दिनांक 12.07.24 तक अपरान्ह 12 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि दिनांक 12.07.24 को अपरान्ह 1 बजे तक रहेगी। प्राप्त निविदायें दिनाक 15.07.24 को कार्यालय में अपरान्ह 2 बज खोली जायेंगी। विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. PGV2425A0005

UBN No.1- PGV2425GSOB0006

आचार्य

पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र, भरतपुर

श्रद्धांजलि

24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06.07.2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धाजंलि

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531